भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 78
सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025 (17 अग्रहायण, 1947(शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

दिल्ली हवाई अड्डे पर एएमएसएस में खराबी

***78. श्री रामजी लाल सुमन:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवंबर, 2025 के माह में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली पर हवाई यातायात नियंत्रण के ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में खराबी के कारण आई समस्या की वस्तुस्थिति क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरों के संगठन ने सरकार को संचार, नौवहन और निगरानी (सीएनएस) सिस्टम का आधुनिकीकरण करने हेतु पूर्व में कोई प्रस्ताव भेजा है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि सीएनएस सिस्टम के उन्नयन, बैकअप सिस्टम तैयार करने और प्रशिक्षित इंजीनियरों की उचित तैनाती में शिथिलता के कारण ऐसी समस्याएं उत्पन्न हुई जिससे हजारों यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"दिल्ली हवाई अड्डे पर एएमएसएस में खराबी" के संबंध में श्री रामजी लाल सुमन द्वारा पूछे गए दिनांक 08.12.2025 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न संख्या 78 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): दिनांक 06.11.2025 को भारतीय मानक समय (आईएसटी) 11:00 बजे दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट ऑटोमेशन सिस्टम (एटीएमएएस) और अन्य हितधारकों को वायु यातायात सेवा (एटीएस) संदेशों की प्रोससिंग और वितरण में अत्यधिक विलंब देखा गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने तकनीकी सहायता टीम के साथ समन्वय से इस मुद्दे का संयुक्त रूप से विश्लेषण किया और दिनांक 08.11.2025 को इस प्रणाली को बहाल किया गया। यह प्रणाली अब सामान्य रूप से काम कर रही है। प्रणाली के निष्पादन में सुधार के लिए, मौजूदा कोर स्विच और डेटाबेस सर्वर को अपग्रेड किए गए संस्करणों से बदल दिया गया है। इसके अलावा, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए, एएआई ने नई हवाई यातायात सेवा संदेश हैंडलिंग प्रणाली (एएमएचएस) के साथ मौजूदा आईपी-आधारित स्वचालित संदेश स्विचिंग प्रणाली (एएमएसएस) का प्रतिस्थापन किया है।

(ख) और (ग): मौजूदा नीति के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस) प्रणालियों के रखरखाव और उन्नयन के लिए एक संरचित फ्रेमवर्क का अनुपालन करता है। यह नीति, उपकरण जीवनचक्र प्रबंधन के लिए मानकीकृत प्रक्रियाओं जिसमें नियमित रखरखाव, निष्पादन की निगरानी, और सिस्टम का समय पर प्रतिस्थापन या उन्नयन शामिल है, के लिए इकाओ वैश्विक मानकीकृत प्रक्रियाओं का अनुपालन करती है। इन गतिविधियों में प्रणाली उन्नयन, बैकअप और बहुतायत जांचों सहित परिचालन विश्वसनीयता, सुरक्षा और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले नियमित और दैनिक आधार के कार्य शामिल हैं।

*****